Regarding construction of Chambal Express-way

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । राजस्थान में कोटा, कोटा से चंबल एक्सप्रेस-वे इटावा जनपद में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत अच्छी बनाया है । इस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे को लखनऊ और आगरा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा है । जो चंबल एक्सप्रेस-वे स्वीकृत हुआ है, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि चंबल एक्सप्रेस-वे, विशेष रूप से अटल जी के नाम से वह स्वीकृत हुआ है, चंबल के किनारे-किनारे कोटा से होते हुए यह इटावा में आता है । आप जानते हैं कि पूरा चंबल एक्सप्रेस-वे के किनारे बहुत बड़ा क्षेत्र है ।

जो कई सालों तक दस्यु सम्राटों की गोलियों की गड़गड़ाहट के कारण विकास से वंचित रहा है । लेकिन बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे और चम्बल एक्प्रेस-वे बनने के कारण इस क्षेत्र का विकास हो सकेगा । इसके लिए राजस्व विभाग ने जमीन चिन्हित कर ली है, इसके कारण किसानों ने पूरी जमीन पर फसल नहीं बोयी है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि चम्बल एक्सप्रे-वे जिसका नाम अटल एक्सप्रेस-वे रखा गया है, शीघ्र बनवाने की कृपा करें । इसके साथ ही चम्बल एक्सप्रेस-वे को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का कष्ट करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।